रणजीत टाइम्स

इंदौर

शनिवार, 7 नवम्बर, 2026

वर्ष 02 | अंक 264 कुल पृष्ठ : 8 | Digital

RNI-NO.MPHIN/2015/64585

प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे

हम गरीब के जीवन में सुख का सवेरा लाएं, यही कामना है

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सुख-समृद्धि के पर्व धनतेरस की दी शुभकामनाएं

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने दीपोत्सव के शुभारंभ और सुख समृद्धि की मंगल कामना के पावन पर्व धनतेरस पर मुख्यमंत्री निवास स्थित मंदिर में पूजन अर्चन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उज्जैन स्थित महर्षि सांदीपनि आश्रम के प्राचीन कुंडेश्वर महादेव मंदिर में विराजमान भगवान कुबेर से सभी के जीवन में वैभव और आरोग्यता बनाए रखने की प्रार्थना की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हम सब परमात्मा की कृपा और अपने सामर्थ्य व समृद्धि से गरीब से गरीब आदमी के जीवन में सुख का सवेरा लाएं, सभी के काम आएं और जियो और जीने दो के भाव को बढ़ाएं, ईश्वर से यही कामना है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मीडिया के माध्यम से प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि भगवान धन्वंतरि जी की पूजा होती है और आज से ही दीपावली का पर्व प्रारंभ होता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है और हमारा प्रदेश भी श्री मोदी के साथ कदम से कदम मिलाकर चल रहा है। हमारा राज्य निवेश के मामले में पूरे देश में सबसे तेज गति से आगे चल रहा है। वर्तमान में मध्यप्रदेश देश में नंबर वन की स्थिति में है।



9 नवंबर को पूरे एमपी में होगी गोवर्धन पूजा- मध्यप्रदेश में 9 नवंबर को प्रदेशव्यापी गोवर्धन पूजा का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान प्रदेश की 3 हजार से अधिक गोशालाओं में गोवर्धन पूजन के साथ गोवंश संरक्षण-संवर्धन और पशुपालकों के सम्मान से जुड़े कार्यक्रम होंगे। भोपाल के रविंद्र भवन में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शामिल होंगे। संस्कृति विभाग के अधीन श्रीकृष्ण पाथेय न्यास और पशुपालन एवं डेयरी विभाग के संयुक्त आयोजन में पुरस्कार योजना शुरू है।

गोवंश के भरण-पोषण के लिए 40 रुपए प्रतिदिन अनुदान

श्रीकृष्ण पाथेय न्यास के मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्रीराम तिवारी ने बताया कि प्रदेश सरकार गोवंश के संरक्षण, संवर्धन और कल्याण के लिए लगातार काम कर रही है। गोशालाओं को प्रति गोवंश प्रतिदिन 40 रुपए अनुदान दिया जा रहा है। इसके अलावा गोशालाओं के सुदृढ़ीकरण, निराश्रित गोवंश के व्यवस्थापन और पशुपालकों को प्रोत्साहित करने के लिए भी प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि गोवर्धन पर्व भारतीय संस्कृति में प्रकृति और गोवंश के प्रति सम्मान एवं कृतज्ञता का प्रतीक है। प्रदेशभर में आयोजित यह पर्व गौसेवा, पशुपालक सम्मान और गोवंश संरक्षण के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने का माध्यम बनेगा। सरकार के प्रयासों के साथ सामाजिक सहभागिता से गोवंश संरक्षण की परंपरा को और मजबूत किया जाएगा।

बेंगलुरु में पत्नी और सास समेत ससुराल के 7 सदस्यों की हत्या

- मायके जाने से नाराज था पति,पार्टी के बहाने घर बुलाया,सिलबट्टे से जान ली

बेंगलुरु (एजेंसी)। कर्नाटक के बेंगलुरु में घरेलू विवाद के चलते एक कैब ड्राइवर ने अपनी पत्नी समेत उसके परिवार के 7 लोगों की हत्या कर दी। मृतकों में 7 साल का बच्चा भी शामिल है। आरोपी की पहचान शेखर के रूप में हुई है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक, शेखर की शादी करीब 20 साल पहले सुनीता से हुई थी। दोनों के बीच सुनीता के मायके जाने को लेकर अक्सर विवाद होता था। सुनीता की मां और भाई भी उसका साथ देते थे। इसी बात से नाराज होकर शेखर ने पूरे परिवार को खत्म करने की साजिश रची।

आरोप है कि शेखर ने पहले अपनी पत्नी सुनीता की घर में सिलबट्टे से हत्या की और शव को कपड़े में लपेटकर नंदी हिल्स के पास फेंक दिया। इसके बाद उसने सुनीता का मोबाइल बंद कर दिया और पड़ोसियों को बताया कि वह घूमने गई है। अगले दिन उसने अपने दो सालों शिवकुमार और शंकर को पार्टी के बहाने घर बुलाया और उनकी हत्या कर दी।

सफाईकर्मियों की हड़ताल से बिगड़े राजधानी के हालात

- मंत्री, आईएएस-आईपीएस के बंगलों वाली सड़कें गंदगी से पटीं, 2550 टन कचरा जमा

भोपाल। भोपाल में सफाई कर्मचारियों की हड़ताल से सड़कों पर 2550 टन कचरा जमा हो गया है। मंत्री और आईएएस-आईपीएस अधिकारियों के बंगलों वाले वीआईपी इलाके चार इमली से लेकर बाजारों और रहवासी इलाकों तक कचरे के ढेर लगे हैं। धनतेरस पर खरीदारी करने निकले लोगों को भी कचरे के बीच से गुजरना पड़ रहा है। सफाईकर्मी 10,500 रुपए वेतन बढ़ाकर 25 हजार करने समेत चार मांगों को लेकर तीन दिन से हड़ताल पर हैं। शुक्रवार को उन्होंने टैंकरों से पानी की सप्लाई भी बंद कर दी। इससे कई इलाकों में पानी का संकट खड़ा हो गया है। हड़ताल में करीब 6 हजार अन्य निगमकर्मी भी शामिल हैं।



शहर से रोज 850 टन कचरा निकलता है। हड़ताल के चलते 400 से ज्यादा कचरा गाड़ियां खड़ी हैं। नगर निगम वैकल्पिक व्यवस्था नहीं कर पाया। निगम कमिश्नर ने यूनियन पदाधिकारियों को बातचीत के लिए बुलाया है जहां समझौता हो गया है।

शहर के वीआईपी इलाकों में भी बिगड़े हालात

भोपाल में हड़ताल का असर पॉश इलाकों से लेकर प्रशासनिक केंद्रों तक दिखाई दे रहा है। मंत्रालय और वल्लभ भवन के आसपास कचरा जमा है। चार इमली में कई मंत्री और सीनियर अधिकारियों के बंगले हैं। यहां हनुमान मंदिर और साईं मंदिर के पास भी कचरे के ढेर लगे हैं। अटल पथ पर भी सफाई नहीं होने से कचरा फैला है। दो दिन पहले यहां भाजपा की रैली हुई थी। कोलार रोड पर गेस्ट हाउस के सामने सिक्सलेन के सेंटर वर्ज में तीन दिन से कचरा जमा है।

दिल्ली में वायु प्रदूषण पर सुप्रीम कोर्ट का तंज

उम्मीद है कि आप मौसम का आनंद ले रहे होंगे

नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण से जुड़े स्वतः संज्ञान मामले की सुनवाई की। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट ने प्रदूषण को लेकर तंज भी कसा। सीजेआई सूर्यकांत जस्टिस जॉयमाल्य बागची और जस्टिस वी. मोहना की पीठ ने कहा कि उम्मीद है कि आप सभी दिल्ली-एनसीआर के मौसम का आनंद ले रहे होंगे।

वरिष्ठ वकील अमिकस क्यूरी अपराजिता सिंह ने कोर्ट को बताया कि प्रदूषण का स्तर गंभीर श्रेणी के आसपास बना हुआ है। हमारी आवाज भी बैठ रही है और यह रोज 30 सिगरेट पीने जैसा है। वहीं सीजेआई सूर्यकांत ने तंज कसते हुए कहा कि हमें उम्मीद है कि आप सभी दिल्ली के मौसम का आनंद ले रहे होंगे।

अपराजिता सिंह ने कहा कि 5 नवंबर को पराली जलाने का योगदान 14 प्रतिशत था। दिल्ली पहले से



ही प्रदूषित है। पराली जलाने से स्थिति और बिगड़ जाती है। ट्रांसपोर्ट सबसे बड़ी समस्या है। हमें स्थानीय प्रदूषण और पराली जलाने की समस्या पर वास्तव में काम करने की जरूरत है। एनसीआर में ट्रांसपोर्ट, ऊर्जा, कचरा जलाना आदि जैसी कई समस्याएं हैं।

पराली जलाना बंद होना चाहिए

मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि यहां बारिश होने की वजह से स्तर थोड़ा कम हुआ है। यह वह समय है जब किसान बुआई करेंगे... पराली जलाना तो (बंद) हो जाना चाहिए। बता दें कि दिल्ली में प्रदूषण तेजी से बढ़ रहा है और कई इलाकों में एक्यूआई का लेवल 450 के पार चला गया है, जो बेहद गंभीर श्रेणी में आता है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि दिवाली मनाने के साथ-साथ प्रदूषण के प्रति जागरुकता बढ़ाना भी जरूरी है। कोर्ट ने कहा कि सिर्फ पाबंदियां लगाने से समस्या हल नहीं होगी, बल्कि इससे नियमों के उल्लंघन के मामले और बढ़ सकते हैं। बेंच ने कहा कि त्योहारों के दौरान हमें अपनी पुरानी परंपराओं और रीति-रिवाजों पर फिर से गौर करने की जरूरत है। हम अपनी पुरानी परंपराओं की ओर क्यों नहीं लौटते।

2013 तहलका दुष्कर्म केस

तेजपाल को नहीं मिली राहत, कोर्ट ने सजा पर रोक लगाने से किया इनकार

नई दिल्ली (एजेंसी)। 'तहलका' के पूर्व एडिटर-इन-चीफ तरुण तेजपाल की 10 साल की जेल की सजा पर सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को रोक लगाने से इनकार कर दिया। तरुण तेजपाल को नवंबर 2013 में गोवा के एक होटल की लिफ्ट में अपनी एक जूनियर सहकर्मी के साथ बलात्कार करने का दोषी ठहराया गया था। जज एम.एम. सुंदरेश और जज प्रसन्ना बी. वराले की बेंच ने तेजपाल के ईमेल और मैसेज सहित अन्य दूसरे सबूतों पर गौर करने के बाद उनकी अर्जी खारिज कर दी। सुनवाई के दौरान बेंच का मानना था कि उनकी सजा पर रोक लगाने के लिए कोई ठोस आधार नहीं बनता है। तेजपाल ने बॉम्बे हाई कोर्ट के छह अगस्त के फैसले को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। हाई कोर्ट ने 2021 में ट्रायल कोर्ट द्वारा तेजपाल को बरी किए जाने के फैसले को पलटते हुए उन्हें इस मामले में दोषी ठहराया था।



बहुत दुखद है... जेलों में भेदभाव पर सुप्रीम कोर्ट सख्त, जवाब नहीं देने पर अफसरों की होगी पेशी



नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने जेलों में हो रहे भेदभाव पर सख्त रुख अपनाया है। कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण और बहुत दुखद है कि 23 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने जेलों के अंदर भेदभाव से जुड़े एक मामले में केंद्र द्वारा मांगी गई जानकारी अभी तक नहीं दी है। अक्टूबर 2024 में दिए गए एक ऐतिहासिक फैसले में, सुप्रीम कोर्ट ने जाति के आधार पर भेदभाव जैसे शारीरिक श्रम का बंटवारा, बैरकों को अलग करना और गैर-अधिसूचित जनजातियों और आदतन अपराधियों के कैदियों के खिलाफ भेदभाव पर रोक लगा दी थी। कोर्ट ने ऐसे भेदभाव को बढ़ावा देने वाले 10 राज्यों के जेल मैनुअल नियमों को असंवैधानिक ठहराया था। जस्टिस जे बी पारदीवाला और जस्टिस मनमोहन की बेंच मंगलवार को 'भारत में जेलों के अंदर भेदभाव' नाम के एक मामले की सुनवाई कर रही थी। बेंच ने कहा कि केंद्र ने मामले में आगे की प्रगति को बताते हुए एक नई स्टेटस रिपोर्ट दायर की है।

बीएमसी दीया मिर्जा का दिवाली वीडियो दोबारा अपलोड करे, हाईकोर्ट बोला-भारत धर्मनिरपेक्ष देश

मुंबई।

बॉम्बे हाईकोर्ट ने बृहन्मुंबई महानगरपालिका यानी बीएमसी को एक्ट्रेस दीया मिर्जा का दिवाली वीडियो दोबारा अपलोड करने का आदेश दिया है। इस वीडियो में दीया ने लोगों से ग्रीन पटाखे जलाने और सार्वजनिक सड़कों पर पटाखे न फोड़ने की अपील की थी। कोर्ट ने कहा- संविधान नागरिकों से धर्मनिरपेक्ष भावना बनाए रखने की अपेक्षा करता है। पर्यावरण के लिए जागरूकता फैलाने वाले वीडियो पर राजनीतिक विवाद करना दुर्भाग्यपूर्ण है।



दरअसल, बीएमसी के आधिकारिक एक्स हैंडल और दूसरे सोशल मीडिया अकाउंट पर दीया मिर्जा का वीडियो रविवार को पोस्ट किया गया था और उसी रात इसे हटा दिया गया। भाजपा नेताओं ने एक्ट्रेस के वीडियो पर आपत्ति जताई थी। भाजपा मुंबई अध्यक्ष अमित साटम ने कहा था कि हमें त्योहार मनाने का तरीका किसी से सीखने की जरूरत नहीं है। उन्होंने पटाखों के खिलाफ अपील करने वालों को 'टुकड़े-टुकड़े गैंग' का हिस्सा बताया।

कोर्ट बोला- नेताओं के गैर-जिम्मेदाराना बयानों से हम आहत

जस्टिस गिरीश कुलकर्णी और जस्टिस नीला गोखले की बेंच ने नेताओं की टिप्पणियों पर भी नाराजगी जताई। जस्टिस कुलकर्णी ने कहा- नेताओं ने कोर्ट के उस पुराने आदेश पर ध्यान दिए बिना टिप्पणी की, जिसमें सभी को जागरूकता अभियान में हिस्सा लेने की अनुमति दी गई थी।

हिंसा की निष्पक्ष रिपोर्टिंग अपराध नहीं, सच्ची घटना दिखाना सांप्रदायिकता फैलाना नहीं, यूट्यूबर पर दर्ज प्रकरण रद्द

जबलपुर। एमपी के रायसेन में यूट्यूबर उवेश खान के खिलाफ दर्ज एफआईआर मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने रद्द कर दी है। सिलवानी थाना पुलिस ने सितंबर 2025 में गणेश विसर्जन जुलूस के दौरान हुई हिंसा की रिपोर्टिंग करने पर उनके खिलाफ सांप्रदायिक सौहार्द बिगाडने के आरोप में केस दर्ज किया था। जस्टिस हिमांशु जोशी की कोर्ट ने आज एफआईआर खारिज करते हुए कहा कि किसी वास्तविक घटना या हिंसा की निष्पक्ष और तथ्यात्मक रिपोर्टिंग करना अपराध नहीं है। मामला 6 सितंबर 2025 का है। रायसेन जिले के सिलवानी में गणेश विसर्जन जुलूस के दौरान हिंसक घटना हुई थी। उवेश खान यूट्यूब न्यूज चैनल चलाते हैं। उन्होंने इस घटना की रिपोर्टिंग कर वीडियो अपने चैनल पर प्रसारित किया था। रिपोर्ट प्रसारित होने के बाद शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि उवेश खान की खबर भ्रामक थी। इससे हिंदू समुदाय के बीच डर और भ्रम का माहौल पैदा हुआ और सांप्रदायिक सौहार्द बिगडने की आशंका थी।



भोपाल में, `यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस' के बैनर तले बैंक कर्मचारियों ने आईडीबीआई बैंक के निजीकरण के खिलाफ एक रैली निकाली।

कलीम सिद्दीकी-उमर गौतम को झटका

इलाहाबाद हाई कोर्ट ने धर्मांतरण मामले में मौलाना कलीम सिद्दीकी, उमर गौतम समेत 8 आरोपियों को बड़ा झटका दिया है।

कोर्ट ने सभी की जमानत याचिकाएं खारिज कर दीं। अदालत ने मामले में लगाए गए आरोपों की गंभीरता को देखते हुए राहत देने से इनकार किया। मामले में कलीम सिद्दीकी और उमर गौतम समेत छह अन्य आरोपियों के खिलाफ गंभीर आरोप लगाए गए हैं।

अभियोजन पक्ष की ओर से मामले को संगठित धर्मांतरण से जोड़ते हुए आरोपों को गंभीर बताया गया था। हाई कोर्ट के इस फैसले के बाद आरोपियों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। अब उनकी कानूनी लड़ाई आगे भी जारी रहेगी। मामले में निचली अदालत की कार्यवाही और आगे की न्यायिक प्रक्रिया पर भी नजर रहेगी।

बाजार हुए गुलजार...



दीपावली पर्व के लिए इंदौर के राजबाड़ा पर खरीददारों ने जमकर खरीददारी शुरु कर दी ...

दिल्ली में प्रदर्शनों को लेकर सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी

विरोध के नाम पर कहीं भी कब्जा नहीं कर सकते

● नई दिल्ली।

सुप्रीम कोर्ट ने विरोध प्रदर्शनों, लोगों को बड़ी संख्या में हिरासत में लेने, पुलिस की बर्बरता, मेट्रो स्टेशनों को बंद करने और इंटरनेट बंद किए जाने के खिलाफ व्यापारियों की याचिकाओं पर आज मंगलवार को सुनवाई की। भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा कि आप किसी जगह पर हमेशा के लिए कब्जा नहीं कर सकते।



अन्य प्रदर्शनकारी भी हैं। किसान या वकील कहां जाएंगे? हर किसी को विरोध करने का अधिकार है। सुप्रीम कोर्ट की यह टिप्पणी पिछले महीने दिल्ली के जंतर-मंतर पर विपक्षी दलों और अन्य लोगों द्वारा भारत निर्वाचन आयोग के खिलाफ किए गए बड़े विरोध प्रदर्शन की सुनवाई के दौरान आई, जब उस जगह से विरोध प्रदर्शन स्थल का दर्जा हटाए जाने की प्रक्रिया चल रही थी।

व्यापारियों ने दायर की थी याचिका

मतदाता जागरूकता पर चुनाव आयोग का एकाधिकार नहीं

सुप्रीम कोर्ट ने मतदाता जागरूकता अभियान को लेकर अहम टिप्पणी करते हुए कहा है कि ऐसे अभियान चलाने का अधिकार केवल चुनाव आयोग तक सीमित नहीं है। अन्य संगठन भी मतदाताओं को जागरूक करने के लिए अभियान चला सकते हैं। अदालत ने यह टिप्पणी सामाजिक कार्यकर्ता अरुणा रॉय के सिविल सोसाइटी समूह को चुनाव जागरूकता कार्यक्रम चलाने की अनुमति देने से इनकार किए जाने के मामले में की।

24 घंटे में दूसरी बार चुनौती

कौन देशद्रोही... राहुल ने पीएम को दी चेतावनी भागवत को जज बना दो और बहस कर लो...

● नई दिल्ली।

लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक बार फिर से बहस के लिए चैलेंज दिया है। इससे पहले सोमवार को राहुल गांधी ने पीएम मोदी को बहस की चुनौती दी थी और कहा था कि आप किसी भी मंच, किसी भी समय, बहस के लिए हिम्मत है तो आइए। 24 घंटे बीत जाने के बाद राहुल गांधी ने एक बार फिर से पीएम मोदी को चुनौती देते हुए वीडियो जारी किया है।

राहुल गांधी ने एक्स पर एक वीडियो में कहा, '24 घंटे हो गए मोदी जी। मैंने आपको चैलेंज दिया है। आप कहते हो कि विपक्ष देशद्रोही है। किसी भी मंच पर आप जगह चुनिए, डिबेट कीजिए मेरे साथ। देशद्रोही कौन है? विदेशी फोर्सेस का कनेक्शन किसका है? और किस प्रकार का कनेक्शन है? जल्दी से जल्दी कीजिए, डरिए मत। दोनों मिलेंगे, मीडिया होगी, देश के युवा होंगे, टेबल होगी, एक साइड आप बैठोगे, एक साइड मैं बैठूंगा। जिसको आप जज बनाना चाहते हो, बना दो। मोहन भागवत जी को बिठा दो, चलो और फिर डिबेट करते हैं।'



मोदी जी खुलकर बहस होगी

राहुल गांधी ने कहा कि सवाल उठेंगे आर्थिक सिस्टम पर, आर्थिक स्ट्रक्चर पर, अमेरिका के साथ डील कैसे हुई, क्यों हुई, इतनी जल्दी क्यों हुई, सिर्फ आपने क्यों की, कैबिनेट को क्यों नहीं बताया, अडानी का केस बंद क्यों हुआ, एपस्टिन- ऐसी बहुत सारी चीजें हैं जिसपे खुलकर बहस होगी। उन्होंने कहा कि आ जाइए, डरिए मत और दूध का दूध, पानी का पानी कीजिए। राहुल गांधी ने आगे कहा, 'आप आरोप लगाते हैं ना मेरे ऊपर, आ जाइए, सब साफ हो जाएगा। बाकी चीजों पर आपने मानहानि केस लगा रखा है, शायद 45 केस मेरे ऊपर हैं मगर इस डिबेट मामले पर, विदेशी कनेक्शन पर आप मानहानि नहीं लगा रहे हो। लगाइए ना, वहां भी बहस करेंगे, खुल के। ये सब बहस करते हैं, आइए। हैप्पी दिवाली, मोदी जी।

शाह ने कहा- सरकार हर मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार



गृह मंत्री अशाह ने छत्तीसगढ़ के नवा रायपुर में कहा कि राहुल गांधी ने नकली संसद बनाकर असली संसद का मखौल उड़ाया। चर्चा का नाटक किया। हिम्मत है तो संसद में देश की जनता के सामने चर्चा करके दिखाइए। हाथ में संविधान लेकर घूमने से संविधान का समर्थन नहीं होगा। आचरण संवैधानिक होना चाहिए।

हाईकोर्ट ने राज्यपाल की रिपोर्टों से जुड़े दस्तावेजों के निरीक्षण की दी अनुमति

कहा, याचिकाकर्ता जो मांगें उसकी सर्टिफाइड कॉपी दें

● जबलपुर।

मध्यप्रदेश को भविष्य की बिजली जरूरतों के लिए छत्तीसगढ़ की लारा ताप विद्युत परियोजना से 800 मेगावाट बिजली मिलेगी। इसके लिए एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड (एमपीपीएमसीएल) और एनटीपीसी के बीच विद्युत क्रय अनुबंध (पीपीए) किया गया है। अनुबंध के तहत वर्ष 2031-32 तक बिजली की आपूर्ति शुरू होने की उम्मीद है। इसकी अनुमानित दर 4।97 रुपये प्रति यूनिट तय की गई है।

ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, ऊर्जा विभाग के प्रमुख सचिव मनीष सिंह और ऊर्जा सचिव एवं एमपीपीएमसीएल के प्रबंध संचालक विशेष गढ़पाले की उपस्थिति में यह अनुबंध निष्पादित हुआ। इसके तहत छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में स्थित एनटीपीसी की लारा चरण परियोजना से मध्यप्रदेश को बिजली आवंटित की जाएगी। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा कि राज्य सरकार उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण और सस्ती बिजली उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। यह अनुबंध कृषि, उद्योग और घरेलू क्षेत्रों में बिजली की बढ़ती मांग पूरी करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।लारा परियोजना की खासियत यह है कि संयंत्र के लिए एनटीपीसी की अपनी कैप्टिव कोयला खदान से ईंधन उपलब्ध होगा। खदान की निकटता से कोयले की ढुलाई पर खर्च कम होगा। इससे बिजली उत्पादन लागत नियंत्रित रखने और आपूर्ति की विश्वसनीयता बढ़ाने में मदद मिलेगी।



नई दिल्ली में यमुना में जमा जहरीले झाग को खत्म करने के लिए एंटी-फोमिंग केमिकल का छिड़काव हो रहा है।

1857 के शहीदों को नमन

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अंबाला में 1857 के शहीद स्मारक का उद्घाटन किया। स्मारक का उद्देश्य प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में अंबाला और आसपास के क्षेत्र के वीरों के योगदान और बलिदान को नई पीढ़ी तक पहुंचाना है। शाह ने इस अवसर पर 1857 के संघर्ष को अंग्रेजी शासन के खिलाफ भारत के व्यापक विद्रोह का महत्वपूर्ण अध्याय बताया। उद्घाटन कार्यक्रम में हरियाणा के मुख्यमंत्री सहित कई जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे।

विदेशी नागरिकों को पासपोर्ट-वीजा में राहत

केंद्र सरकार ने भारत में रह रहे विदेशी नागरिकों की कुछ श्रेणियों के लिए पासपोर्ट और वीजा नियमों में बड़ी राहत दी है। गृह मंत्रालय के नए आदेश में कुछ पाकिस्तानी नागरिकों, अफगानिस्तान, बांग्लादेश और पाकिस्तान से धार्मिक उत्पीड़न के कारण भारत आए हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई समुदाय के लोगों को विशेष छूट दी गई है। 31 दिसंबर 2024 तक भारत आए ऐसे शरणार्थियों को दस्तावेज समाप्त होने या बिना वैध पासपोर्ट आने की स्थिति में भी राहत मिलेगी, हालांकि भारत में रहने के लिए उपयुक्त वीजा लेना होगा। 31 दिसंबर 2009 तक भारत में स्थायी रूप से बसने आए कुछ पाकिस्तानी नागरिकों को भी पासपोर्ट नवीनीकरण की शर्त से छूट दी गई है।

आंतरिक व शारीरिक समृद्धि की प्राप्ति का अवसर सहजयोग आज का महायोग

भारतीय संस्कृति में स्वास्थ्य का स्थान धन से ऊपर माना जाता रहा है कहते हैं ना अच्छा स्वास्थ्य हो धन स्वयंमेव आ जायेगा। यह कहावत आज भी प्रचलित है कि 'पहला सुख निरोगी काया, दूजा सुख घर में माया' इसलिए दीपावली में सबसे पहले धनतेरस को महत्व दिया जाता है। जो भारतीय संस्कृति के हिसाब से बिल्कुल अनुकूल है। शास्त्रों में वर्णित कथाओं के अनुसार समुद्र मंथन के दौरान कार्तिक कृष्ण त्रयोदशी के दिन भगवान धनवंतरी अपने हाथों में अमृत कलश लेकर प्रकट हुए।



मान्यता है कि भगवान धनवंतरी विष्णु के अंशावतार हैं। इस घोर कलियुग में प्रेम तत्व ही वो रसायन है जो मनुष्य के मन, बुद्धि और अहंकार को सिक्त करके निष्काम और उत्तम कार्य की प्रेरणा देकर उसे त्याग और तपस्या के योग्य बनाता है। जब हम इन दुर्गुणों को त्याग देते हैं तब हममें अमृतमयी प्रेम प्रस्थापित होता है। संसार में चिकित्सा विज्ञान के विस्तार और प्रसार के लिए ही भगवान विष्णु ने धनवंतरी का अवतार लिया था। भगवान धनवंतरी के प्रकट होने के उपलक्ष्य में ही धनतेरस का त्योहार मनाया जाता है। मान्यता है कि इस दिन सोना, चांदी या कोई अन्य मूल्यवान वस्तु खरीदने से सौभाग्य, सफलता और बुरी नज़र से सुरक्षा मिलती है। इस दिन लोग भगवान कुबेर और देवी लक्ष्मी की पूजा करते हैं और कुछ नया खरीदते हैं। ऐसा माना जाता है कि इस दिन समुद्र मंथन के दौरान देवी लक्ष्मी दूध के सागर से निकली थीं। यहाँ यह स्पष्ट है धनतेरस निश्चित रुप से धन्वंतरि के साथ साथ धन के देवता कुबेर की भी पूजा की जाती है। सिर्फ धन की चाहत रख धनतेरस मनाना सार्थक नहीं क्योंकि धन कई बार अनैतिकता की ओर खींचता है।

सहज योग में संतुष्ट सहजी साधक सिर्फ निरोगी रहने की आकांक्षा से धन्वंतरि की साधना अपने अंतर में करते हैं। सहज योग में धनवन्तरि का मंत्र लेते हुये साधक अपने सहस्त्रार चक्र पर ध्यान करते हैं। परमपूज्य श्री माताजी साक्षात धन्वंतरि स्वरुप हैं। असाध्य रोगों का इलाज सहज योग माध्यम से संभव होता है।

Dhanteras 2026

धनतेरस पर दिल्ली-NCR में महाजाम, कनॉट प्लेस से गुरुग्राम एक्सप्रेसवे तक गाड़ियों की लंबी कतारें

धनतेरस के मौके पर शुक्रवार शाम दिल्ली-एनसीआर में भीषण ट्रैफिक जाम देखने को मिला। दिवाली की खरीदारी के लिए बाजारों में उमड़ी भारी भीड़ के चलते राजधानी की सड़कें वाहनों से पट गईं। कई प्रमुख मार्गों पर किलोमीटर लंबी कतारें लग गईं और लोगों को अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए घंटों जाम में फंसे रहना पड़ा। सड़कों पर वाहनों की लाल टेल-लाइट्स का लंबा सिलसिला नजर आया। त्योहार की रौनक के बीच ट्रैफिक व्यवस्था पर भी भारी दबाव देखने को मिला।धनतेरस की खरीदारी के कारण दिल्ली के प्रमुख बाजारों और व्यावसायिक इलाकों में भारी भीड़ रही। कनॉट प्लेस, चांदनी चौक, करोल बाग, लाजपत नगर, सरोजिनी नगर, साउथ एक्सटेंशन, आनंद विहार, खिचड़ीपुर और गाजीपुर हाईवे पर वाहनों की लंबी कतारें देखने को मिलीं।

रणजीत टाइम्स परिवार ने हर्षोल्लास के साथ मनाया दीपावली महोत्सव,

एकता और सद्भाव का दिया संदेश

धनतेरस पर मां महालक्ष्मी के 108 नामों का स्मरण कर की विशेष पूजा-अर्चना, कर्मचारियों को मिठाइयां और दीपावली उपहार वितरित

दैनिक रणजीत टाइम्स विशेष संवाददाता

दीपों के पर्व दीपावली के पावन अवसर पर दैनिक रणजीत टाइम्स परिवार द्वारा राष्ट्रीय कार्यालय में धनतेरस एवं दीपावली महोत्सव का आयोजन हर्षोल्लास, उत्साह और पारिवारिक वातावरण में किया गया। इस अवसर पर संस्थान के पदाधिकारियों, पत्रकारों, संपादकीय टीम एवं समस्त कर्मचारियों ने एक साथ मां महालक्ष्मी की पूजा-अर्चना कर सुख, समृद्धि, शांति और राष्ट्र की खुशहाली की मंगलकामना की। मां महालक्ष्मी के 108 नामों का स्मरण, दीपों से जगमगाया कार्यालय- कार्यक्रम की शुरुआत विधि-विधान से धनतेरस पूजन एवं मां महालक्ष्मी के 108 पवित्र नामों के स्मरण के साथ हुई। सभी सदस्यों ने सामूहिक रूप से पूजा-अर्चना में भाग लिया। दीपों की रोशनी, मिठाइयों की मिठास और आपसी स्नेह ने पूरे आयोजन को विशेष बना दिया। इस अवसर पर संस्थान की ओर से सभी कर्मचारियों, पत्रकारों एवं सहयोगियों को मिठाइयां और दीपावली उपहार प्रदान किए गए। सभी ने एक-दूसरे को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए खुशियां साझा कीं।

दीपावली केवल दीप जलाने का नहीं, दिलों को जोड़ने का पर्व-गोपाल गावंडे

इस अवसर पर रणजीत टाइम्स के प्रधान संपादक श्री गोपाल गावंडे ने दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए कहा-"दीपावली का वास्तविक अर्थ केवल घरों और कार्यालयों को रोशन करना नहीं, बल्कि अपने विचारों, व्यवहार और हृदय में भी प्रकाश लाना है। एक दीप से दूसरा दीप जलता है और प्रकाश बढ़ता जाता है। उसी प्रकार हमें भी अपने जीवन से दूसरों के जीवन में खुशियों और



आशाओं का उजाला फैलाना चाहिए।" उन्होंने कहा कि रणजीत टाइम्स केवल एक समाचार संस्थान नहीं, बल्कि एक परिवार है, जहां प्रत्येक पत्रकार, कर्मचारी और सहयोगी की भूमिका महत्वपूर्ण है। आपसी विश्वास, एकता, सहयोग और सकारात्मक सोच ही किसी संस्थान की वास्तविक शक्ति होती है। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि इस दीपावली पर हम संकल्प लें कि समाज के जरूरतमंद लोगों के जीवन में भी खुशियों का एक दीप अवश्य जलाएंगे।

कर्मचारियों को उपहार, पत्रकारों ने दिया एकता का संदेश- आयोजन के दौरान कर्मचारियों एवं पत्रकारों को दीपावली उपहार और मिठाइयां वितरित की गईं। सभी ने एक-दूसरे को शुभकामनाएं देते हुए टीम भावना, आपसी सहयोग और सामाजिक जिम्मेदारी को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में दीप प्रज्वलन और सामूहिक उत्सव के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि त्योहारों की वास्तविक सुंदरता आपसी प्रेम, भाईचारे और एकता में निहित है। कार्यक्रम में इनकी रही विशेष उपस्थिति इस अवसर पर रणजीत टाइम्स के प्रधान संपादक श्री गोपाल गावंडे, कार्यकारी संपादक रेणु केथवास, सह-संपादक आदित्य शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार अक्षत शिकरवार, एडवोकेट श्री विकास भारद्वाज, ब्रांच हेड नरेंद्र कौर, सेल्स डायरेक्टर पूजा शर्मा, पत्रकार दीपक होलकर, शिवी शुक्ला, अनिल यादव, फिरोज खान, अजय मेटकर, विजय मेटकर, अश्विनी चांदोरकर, दिव्या दीवान सहित संस्थान के समस्त पत्रकार, पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने सामूहिक रूप से दीपावली का उत्सव मनाया और एक-दूसरे के उज्ज्वल भविष्य, उत्तम स्वास्थ्य एवं सुख-समृद्धि की कामना की।

देशवासियों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं- कार्यक्रम के समापन पर रणजीत टाइम्स परिवार ने समस्त देशवासियों को धनतेरस, दीपावली एवं आगामी दीपोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। संस्थान ने समाज में सकारात्मक पत्रकारिता, जनसेवा, राष्ट्रीय एकता और मानवीय मूल्यों को मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। हर घर में दीप जले, हर मन में विश्वास हो, हर चेहरे पर मुस्कान हो और हर जीवन में खुशियों का प्रकाश हो।"

धनतेरस पर आष्टा के बाजारों में बरसा धन, सराफा और इलेक्ट्रॉनिक मार्केट में सबसे ज्यादा खरीदी

सराफा से ऑटोमोबाइल तक बाजारों में बंपर कारोबार, ग्राहकों की भीड़ से प्रमुख मार्ग रहे व्यस्त ; बड़ा बाजार और बुधवारा में बार-बार लगा जाम

आष्टा। पांच दिवसीय दीपावली पर्व के पहले बड़े त्योहार धनतेरस पर शुक्रवार को आष्टा के बाजारों में जमकर धनवर्षा हुई। सराफा, इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल और बर्तन बाजार में ग्राहकों की भारी भीड़ उमड़ी। लोगों ने सोने-चांदी के आभूषणों से लेकर नए वाहन और घरेलू इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों तक की जमकर खरीदी की। कई ग्राहकों ने पहले से ही सामान और वाहनों की एडवांस बुकिंग कर रखी थी, जिन्होंने शुभ मुहूर्त में खरीदारी कर धनतेरस की परंपरा निभाई।

धनतेरस पर सुबह से ही शहर के प्रमुख बाजारों में रौनक दिखाई देने लगी थी। दिन चढ़ने के साथ ग्राहकों की भीड़ बढ़ती गई और दुकानों पर देर तक खरीदी का सिलसिला चलता रहा। बाजारों में बढ़ती भीड़ को देखते हुए पुलिस और यातायात विभाग ने प्रमुख चौराहों पर पुलिस बल तैनात किया, ताकि यातायात व्यवस्था सुचारु बनी रहे। हालांकि तमाम प्रयासों के बावजूद बड़ा बाजार, बुधवारा और कन्नौद मार्ग पर दिनभर रुक-रुककर जाम की स्थिति बनती रही।

सराफा और इलेक्ट्रॉनिक बाजार में रही सबसे ज्यादा रौनक- इस बार धनतेरस पर सराफा और इलेक्ट्रॉनिक बाजार में विशेष उत्साह देखने को मिला। जयश्री ज्वेलर्स के कैलाश सोनी ने बताया कि धनतेरस पर सुबह से ही ग्राहकों का आना शुरू हो गया था और दिनभर सोने-चांदी के आभूषणों की खरीदी होती रही। वहीं इलेक्ट्रॉनिक दुकान संचालक विशाल



चौरसिया ने बताया कि इस बार भी ग्राहकों ने जमकर खरीदी की। घरेलू उपयोग के इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की अच्छी मांग रही। बर्तन बाजार में भी अच्छी ग्राहकी रही ।नाकोड़ा बर्तन के पंकज जैन नाकोड़ा ने बताया कि उनकी दुकान पर नई क्वालिटी के सभी प्रकार के बर्तन आदि उपलब्ध थे।लोगों ने अपनी पसंद के बर्तन खरीदे।

पशुओं के श्रृंगार की दुकानों पर भी पहुंचे ग्रामीण- धनतेरस पर ग्रामीण क्षेत्रों में पशुधन के श्रृंगार की परंपरा को लेकर भी बाजार में खास रौनक रही। पुराना भोपाल-इंदौर मार्ग पर पार्वती पुल से भोपाल नाके तक पशुओं के श्रृंगार की दुकानें सजीं। यहां ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में किसान और पशुपालक पहुंचे तथा अपने पशुओं के लिए श्रृंगार सामग्री की खरीदी की।

बड़ा बाजार और बुधवारा में बार-बार लगा जाम- त्योहारी खरीदी के चलते शहर के प्रमुख मार्गों पर वाहनों का दबाव बढ़ गया। इनमें बड़ा बाजार और बुधवारा क्षेत्र सबसे अधिक प्रभावित रहे। दुकानदारों द्वारा सामान सड़क तक रखने और वाहनों की आवाजाही के कारण बार-बार यातायात बाधित हुआ। बुधवारा क्षेत्र में दिन में तीन से चार बार जाम की स्थिति बनी। कन्नौद मार्ग पर भी वाहनों की लंबी कतारें देखने को मिलीं। ट्रैफिक के एएसआई शशिकांत शर्मा ने बताया कि त्योहार के दौरान लोगों को आवागमन में परेशानी न हो, इसके लिए प्रमुख चौराहों पर पुलिस बल तैनात किया गया है। कुछ वाहन चालक सड़क पर अनावश्यक रूप से वाहन खड़े कर देते हैं, जिससे यातायात प्रभावित होता है। लोगों से अपील की गई है कि वे निर्धारित स्थानों पर ही वाहन खड़े करें, ताकि त्योहार के दौरान यातायात व्यवस्था बनी रहे।

सफाईकर्मियों की हड़ताल के बीच नगर पालिका अध्यक्ष ने संभाली सफाई की कमान

पार्षदों और कर्मचारियों के साथ सड़कों पर उतरे नपाध्यक्ष पालीवाल, स्वयं कचरा वाहन चलाकर उठवाया कचरा ; बोले - स्वच्छता हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी

सारंगपुर। प्रदेशभर में सफाईकर्मियों की विभिन्न मांगों को लेकर जारी अनिश्चितकालीन हड़ताल के बीच सारंगपुर नगर की सफाई व्यवस्था बनाए रखने के लिए नगर पालिका अध्यक्ष पंकज ललित पालीवाल स्वयं मैदान में उतर आए। उन्होंने पार्षदों और नगर पालिका कर्मचारियों के साथ मिलकर स्वच्छता अभियान चलाया और नगर की सड़कों एवं सार्वजनिक स्थानों पर फैले कचरे को उठवाने की पहल की। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल ने स्वयं कचरा वाहन चलाकर कचरा उठवाया और सफाई अभियान में



सक्रिय भागीदारी निभाई। अध्यक्ष को स्वयं वाहन चलाकर सफाई व्यवस्था संभालते देख अन्य जनप्रतिनिधियों और कर्मचारियों ने भी अभियान में सहयोग किया। सभी ने मिलकर नगर के विभिन्न क्षेत्रों में सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। अभियान के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष पालीवाल ने कहा कि स्वच्छता केवल सफाई कर्मचारियों की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि यह हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने के लिए प्रत्येक नागरिक को अपनी भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि सफाईकर्मियों की हड़ताल के कारण सफाई व्यवस्था प्रभावित हो रही है, ऐसे समय में नगर की स्वच्छता बनाए रखना हम सभी का दायित्व है। जनप्रतिनिधियों और कर्मचारियों को आगे आकर इस जिम्मेदारी में सहयोग करना चाहिए। उन्होंने नागरिकों से भी अपील की कि कचरा इधर-उधर न फेंकें और निर्धारित स्थानों पर ही कचरा डालें, ताकि नगर को स्वच्छ बनाए रखने में सभी की सहभागिता सुनिश्चित हो सके। इस दौरान सीएमओ दीपक रानवे, पार्षद गोपाल पाल, कमल शर्मा, राकेश पुष्पद, बाबूलाल अहिरवार सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं नगर पालिका कर्मचारी मौजूद रहे।

विधायक कार्यालय पर थाना प्रभारी एवं पुलिस स्टाफ के साथ बैठक, शांतिपूर्ण दीपावली मनाने की अपील



महिदपुर। आगामी दीपावली पर्व को शांतिपूर्ण,सुरक्षित एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से विधायक कार्यालय पर विधायक श्री दिनेश जैन बोस ने महिदपुर रोड थाना प्रभारी एवं पुलिस स्टाफ के साथ बैठक कर आवश्यक चर्चा की। इस दौरान विधायक बोस ने पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि त्योहारों के मद्देनजर क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रखी जाए।विशेष रूप से सड़क किनारे बैठे लोगों,राहगीरों एवं आम नागरिकों की सुरक्षा का पूरा ध्यान रखा जाए।महिदपुर में कल घटित हुई घटना की पुनरावृत्ति न हो,इसके लिए पुलिस प्रशासन पूरी सतर्कता,संवेदनशीलता एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करे। विधायक जैन ने कहा कि दीपावली खुशियों, प्रकाश और आपसी भाईचारे का पर्व है। हमारा प्रयास होना चाहिए कि प्रत्येक नागरिक स्वयं को सुरक्षित महसूस करे और हर परिवार हर्षोल्लास के साथ त्योहार मना सके।क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। इस अवसर पर विधायक ने उपस्थित सभी पुलिस अधिकारियों एवं जवानों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनके समर्पण,सेवा भावना एवं कर्तव्यनिष्ठा के लिए आभार व्यक्त किया। साथ ही क्षेत्रवासियों से अपील की कि दीपावली का पर्व आपसी प्रेम,सद्भाव और भाईचारे के साथ मनाएं तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें।

भोपाल में जर्जर सड़कों की मरम्मत और पुनर्निर्माण जारी, कई क्षेत्रों को मिलेगी राहत

भोपाल। नगर निगम द्वारा शहर में क्षतिग्रस्त और जर्जर सड़कों की मरम्मत, संधारण और पुनर्निर्माण का कार्य लगातार कराया जा रहा है। इसका उद्देश्य नागरिकों को सुगम और सुरक्षित आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराना है। निगम के यांत्रिक विभाग ने विभिन्न वार्डों में सड़कों की स्थिति का आकलन कर गड्ढे भरने, समतलीकरण, पैचवर्क और डामरीकरण के कार्य शुरू किए हैं। निगम आयुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देश पर जोन क्रमांक-3 के वार्ड-12 में नारियलखेड़ा से पीपल चौराहा तक मुख्य मार्ग का डामरीकरण कराया गया है। वहीं शहर के व्यस्त बाजार क्षेत्रों आजाद मार्केट, इतवारा और बुधवारा में पैचवर्क का कार्य जारी है। इन क्षेत्रों में अब तक करीब दो किलोमीटर सड़क का पैचवर्क किया जा चुका है। इसी तरह जोन क्रमांक-12 के वार्ड-58 में पाइपलाइन बिछाने के कारण क्षतिग्रस्त हुई सड़कों का पूरी चौड़ाई में रेस्टोरेशन और पुनर्निर्माण कराया गया है। इससे सड़क की सतह समतल और व्यवस्थित हुई है। जोन क्रमांक-13 के वार्ड-53 स्थित दानिश नगर मेन रोड के गड्ढे भरने के साथ रिन्यूवल कोट का कार्य भी प्रगति पर है। सड़क के संधारण से रजत नगर, ज्योति नगर, कुंजन नगर और भेल संगम कॉलोनी सहित आसपास की बस्तियों के नागरिकों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। निगम अधिकारियों के अनुसार सभी निर्माण और मरम्मत कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए नियमित निरीक्षण किया जा रहा है।

मंडी में पटाखा बाजार में सुरक्षा नियमों की खुलेआम अनदेखी

88 लाइसेंस जारी, करीब 50 दुकानें संचालित; कहीं अग्निशामक यंत्र नदारद तो कहीं दुकानों के बीच दूरी नहीं, निर्धारित क्षमता से अधिक पटाखे रखने की भी शिकायत

सारंगपुर। कृषि उपज मंडी परिसर में दीपावली के अवसर पर लगाए गए पटाखा बाजार में सुरक्षा मानकों की खुलेआम अनदेखी का मामला सामने आया है। बाजार में संचालित दुकानों पर सुरक्षा नियमों के पालन को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। कहीं दुकानों के बीच निर्धारित दूरी नहीं है तो कहीं आग बुझाने के लिए अग्निशामक यंत्र तक उपलब्ध नहीं हैं। ऐसे में त्योहार पर खरीदारी करने पहुंच रहे हजारों लोगों की सुरक्षा खतरे में नजर आ रही है।

जानकारी के अनुसार, पटाखा बाजार के लिए कुल 88 दुकानों के लाइसेंस जारी किए गए हैं, जबकि मौके



पर करीब 50 दुकानें संचालित हो रही हैं। आरोप है कि कुछ व्यापारियों ने दो-दो लाइसेंस प्राप्त कर एक ही दुकान संचालित कर रखी है। इससे एक ही दुकान में निर्धारित क्षमता से अधिक पटाखे रखे जाने की आशंका जताई जा रही है। नियमों के अनुसार दुकानों के बीच पर्याप्त दूरी होना आवश्यक है, लेकिन मंडी परिसर में कई दुकानें एक-दूसरे के बिल्कुल पास लगाई गई हैं। इसके अलावा कुछ दुकानों में अग्निशामक यंत्र नहीं मिले, जबकि कुछ दुकानदारों ने दुकानों के सामने पर्दे लगा रखे हैं। बाजार में सुरक्षा इंतजामों की एकरूपता भी नजर नहीं आ रही है। कुछ दुकानों में निर्धारित सीमा से अधिक पटाखों का भंडारण किए जाने की शिकायतें भी सामने आई हैं। दीपावली के दौरान पटाखा बाजार में बच्चों, महिलाओं और परिवारों की बड़ी संख्या में आवाजाही रहती है। ऐसे में यदि किसी दुकान में आग लगने जैसी घटना होती है तो पास-पास लगी दुकानों के कारण आग तेजी से फैल सकती है और बड़ा हादसा हो सकता है।

निरीक्षण कर कार्रवाई की जाएगी- मामले में तहसीलदार कपिल शर्मा ने बताया कि पटाखा दुकानों का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं दुरुस्त करवाई जाएंगी। निर्धारित मात्रा से अधिक पटाखे मिलने या दुकानें नियम विरुद्ध संचालित पाए जाने पर संबंधित दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

पानी बर्बाद किया तो खैर नहीं, अब सीधे कटेगा चालान

मोटर लगाकर पानी खींचने वालों पर भी कार्रवाई, सुबह सुबह अचानक पहुंचेगी टीम

इंदौर। इस साल कम बरसात होने और निरंतर गिरते भूजल स्तर के कारण जल संकट का खतरा खड़ा हो गया है। इसी बात से चिंतित नगर निगम ने अब पानी की बर्बादी करने वालों को समझाइश देने के साथ ही चलानी कार्रवाई भी शुरू कर दी है। पानी की बर्बादी को रोकने को लेकर निगम प्रशासन ने स्पष्ट कर दिया है कि घरों के बाहर सड़क धोने, वाहनों की धुलाई करने, नलों में टोटी नहीं लगाने और पाइपलाइन से सीधे



मोटर लगाकर पानी खींचने वालों को अब जुर्माना भरना पड़ेगा।निगम की टीमें सुबह-सुबह अलग-अलग वार्डों में औचक निरीक्षण कर ऐसे लोगों पर नजर रखेंगी। इधर करवाई के पहले निगम की टीम ने अलग अलग क्षेत्रों में पहुंचकर समझाईश के साथ ही चेतावनी भी देना शुरू करदी है। यहीं नहीं कुछ जागरूक पार्षद भी मैदान में उतर आए है। निरीक्षण के दौरान कई घरों के बाहर नलों से पानी व्यर्थ बहता मिला। कहीं नलों में टोटियां नहीं लगी थीं तो कहीं सड़क पर पानी बहाया जा रहा था। रहवासियों को मौके पर ही समझाइश दी गई।

अब निगम अफसर और कर्मचारियों पर शिकंजा भी



31 दिसंबर तक हर हालत में जमा करना होगा बकाया टैक्स, नहीं करने पर वेतन पर खतरा

इंदौर। आर्थिक परेशानियों से जूझ रहे नगर निगम ने राजस्व वसूली को लेकर उपभोक्ताओं पर शिकंजा कसने के साथ ही अपने अपने अफसर और कर्मचारियों पर भी सख्ती करदी है। निगम प्रशासन ने अपने समस्त अफसर एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि वे स्वयं अथवा अपने परिवार के सदस्यों के नाम नगर निगम सीमा क्षेत्र में स्थित समस्त कर योग्य संपत्तियों का संपत्तिकर, जलकर, कचरा प्रबंधन शुल्क, यूजर चार्ज एवं अन्य समस्त निगम कर/शुल्क 31 दिसंबर 2026 तक अनिवार्य रूप से जमा करें। उक्त निर्देश निगम के नियमित, मस्टर, विनियमित सहित सभी श्रेणी के कर्मचारियों तथा आउटसोर्स एजेंसियों के माध्यम से कार्यरत कर्मचारियों पर भी लागू होंगे। सभी अधिकारी-कर्मचारी कर एवं शुल्क जमा करने के पश्चात भुगतान के प्रमाण सहित आवेदन अपने विभाग प्रमुख को प्रस्तुत करेंगे। निगमायुक्त क्षितिज सिंघल ने अभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया कि वे अपने स्वयं के साथ-साथ अधीनस्थ कर्मचारियों से भी निर्धारित समय-सीमा में शत-प्रतिशत कर एवं शुल्क जमा कराना सुनिश्चित करें। साथ ही, कर्मचारियों की सूची एवं अनुपालन प्रतिवेदन जनवरी 2027 में वेतन भुगतान से पूर्व लेखा शाखा को प्रस्तुत करें। यही नहीं आउटसोर्स एजेंसियां भी अपने माध्यम से कार्यरत कर्मचारियों द्वारा समस्त देय निगम कर एवं शुल्क जमा किए जाने का अनुपालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करना होगा।

महापौर निवास पर बच्चों के साथ मनी दीपावली, पटाखे जलाकर बांटी खुशियां

महापौर पुष्यमित्र भार्गव और पत्नी जूही भार्गव ने बच्चों के साथ मनाया दीपोत्सव, उपहार में दिए नए कपड़े

इंदौर। दीपावली का पर्व शहर में उत्साह और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इसी क्रम में महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने अपने रेसीडेंसी स्थित निवास पर स्कूली बच्चों और बस्ती के बच्चों के साथ दीपोत्सव का आयोजन किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बच्चे शामिल हुए। इस दौरान महापौर पुष्यमित्र भार्गव और उनकी पत्नी जूही भार्गव ने बच्चों के साथ समय बिताया। उन्होंने बच्चों के साथ हंसी-मजाक किया, रंगोली बनाई नाश्ता किया और पटाखे व फुलझड़ियां जलाकर दीपावली की खुशियां साझा कीं। महापौर और उनकी पत्नी का स्नेह पाकर बच्चे भी उत्साहित नजर आए। कार्यक्रम के अंत में महापौर दंपती ने सभी बच्चों को नए



कपड़े उपहार स्वरूप भेंट किए। बच्चों के चेहरों पर उपहार पाकर खुशी देखते ही बन रही थी। इस आयोजन के माध्यम से महापौर परिवार ने बच्चों के साथ त्योहार की खुशियां साझा करते हुए दीपावली को आत्मीयता और अपनत्व के साथ मनाया।

8 महीने बाद सेंसेक्स 80,000 पार, 1000 अंक का आया उछाल

मुंबई (एजेंसी)। दुनियाभर के बाजारों में गिरावट के बीच आज सेंसेक्स 1000 अंक या 1.35 फीसदी चढ़कर 80,400 के करीब पहुंच गया है। 8 महीने बाद ये 80 हजार के पार पहुंचा है। वहीं निफ्टी में 250 अंक या 1.10 फीसदी से ज्यादा की तेजी है, ये 24,800 के स्तर पर है। कल बाजार में साल की दूसरी बड़ी बढ़त रही थी। सेंसेक्स 2009 अंक चढ़कर 79310 पर बंद हुआ था। इससे पहले 8 अप्रैल को सेंसेक्स 2,946 अंक चढ़ा था।

बाजार में तेजी की 2 वजह

विदेशी निवेशकों ने पिछले 7 दिनों में 32,210 करोड़ का बड़ा निवेश किया है, जिससे घरेलू शेयर बाजार को जबरदस्त सपोर्ट मिला है। वहीं सितंबर तिमाही के मजबूत नतीजों से सेंटिमेंट सुधरा है। रिलायंस, इंफोसिस और टीसीएस जैसी बड़ी कंपनियों के शेयरों में तेजी आई है। सेंसेक्स के टॉप 30 में शामिल कंपनियों के शेयरों में बढ़त से ही सेंसेक्स बढ़ता है। गुरुवार को इनमें से ज्यादातर कंपनियों के शेयरों में उछाल आया है। भारत के बाजार में ट्रंप की हार का भी काफी असर देखा जा रहा है।

7 दिन में 8 फीसदी से ज्यादा की तेजी आई



शेयर बाजार 7 दिन में 8 फीसदी से ज्यादा चढ़ा

शेयर बाजार में तेजी का आज लगातार सातवां दिन है। 28 अक्टूबर से लेकर 6 नवंबर के दौरान सेंसेक्स 73,246 से उछलकर 80,000 के पार पहुंच गया है। यानी ये 8 फीसदी से ज्यादा चढ़ा है।

लार्जकैप शेयरों में तेजी आगे भी रह सकती है

विदेशी निवेशकों की शुरुआती खरीदारी से बड़े शेयरों में उछाल है। विजय कुमार को उम्मीद है कि अभी बैंकिंग और फाइनेंशियल सेक्टर के दिग्गज शेयरों में और तेजी दिख सकती है। उन्होंने कहा कि लार्जकैप शेयरों में अभी और शॉर्ट कवरिंग होनी बाकी है, इसलिए बैंकिंग और फाइनेंशियल शेयरों की अगुवाई में बड़े शेयरों में आगे और रिकवरी की उम्मीद है। हालांकि विजय कुमार ने चेतावनी भी दी है कि जैसे ही बाजार ऊपर जाएगा, घरेलू निवेशक मुनाफावसूली के लिए शेयर बेच सकते हैं। इससे ऊपरी स्तरों पर बिकवाली आ सकती है।

संभालेंगे मुंबई की कमान

सूर्यकुमार यादव की मैदान पर वापसी की तारीख तय



मुंबई, एजेंसी। भारतीय टी20 वर्ल्ड कप 2026 विजेता कप्तान सूर्यकुमार यादव जल्द ही प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी करने जा रहे हैं। वह आगामी सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2026 और विजय हजारे ट्रॉफी 2026-27 में मुंबई की टीम की कप्तानी करते नजर आएंगे। इस तरह उनके पास घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन कर टीम इंडिया में वापसी का दावा मजबूत करने का मौका होगा।

चयनकर्ताओं के फैसले पर सूर्यकुमार ने क्या कहा? - टी20 टीम से बाहर होने के फैसले पर सूर्यकुमार ने आकाश चोपड़ा के यूट्यूब चैनल पर अपनी प्रतिक्रिया दी थी। उन्होंने कहा, 'जब मैंने टीम में अपना नाम नहीं देखा तो मैं मुस्कुराया। जब भी मैं दबाव में होता हूं या चीजें मेरे पक्ष में नहीं होतीं, तो मैं मुस्कुराता हूं और खुद को शांत रखता हूं।'

रणजी ट्रॉफी में नहीं मिला था मौका

इससे पहले सूर्यकुमार यादव ने मुंबई के लिए रणजी ट्रॉफी 2026-27 का शुरुआती मुकाबला खेलने की इच्छा जताई थी, लेकिन चयनकर्ताओं ने उन्हें टीम में जगह नहीं दी। मुंबई के चयन समिति प्रमुख राजेश पवार ने कहा था, 'वह निश्चित रूप से बड़े मैचों के खिलाड़ी हैं और मुंबई के लिए खुद को साबित कर चुके हैं। हम चाहते हैं कि वह कुछ रेड-बॉल मैच खेलकर लय हासिल करें। सूर्य ने पिछले 18 महीनों से कोई रेड-बॉल मैच नहीं खेला है।' सूर्यकुमार यादव को लेकर आईपीएल 2027 से पहले ट्रेड की अटकलें भी लगाई जा रही थीं। हालांकि, रिपोर्ट्स के मुताबिक मुंबई इंडियंस ने उन्हें ट्रेड करने की संभावनाओं को खारिज कर दिया है। वह आगामी सीजन में भी मुंबई की नीली और सुनहरी जर्सी में खेलते नजर आएंगे। हालांकि, टीम की कप्तानी की जिम्मेदारी उन्हें मिलने की संभावना नहीं है।

14 नवंबर को खेलेंगे पहला मुकाबला

सूर्यकुमार यादव की वापसी 14 नवंबर से होने वाली है। इस दिन मुंबई की टीम सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में हैदराबाद के खिलाफ अपना पहला मुकाबला खेलेगी। टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, राजेश पवार की अगुवाई वाली मुंबई की सीनियर चयन समिति ने सूर्यकुमार को कप्तानी सौंपने का फैसला किया है। टीम का ऐलान अगले कुछ दिनों में हो सकता है। सूर्यकुमार यादव को टी20 वर्ल्ड कप 2026 में भारत को खिताब दिलाने के बावजूद टी20 इंटरनेशनल टीम की कप्तानी गंवानी पड़ी। इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टीम चुने जाने के दौरान उन्हें कप्तानी से हटाया गया और बल्लेबाजी में लगातार गिरते प्रदर्शन के कारण टीम से भी बाहर कर दिया गया। अब घरेलू क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन उनके लिए वापसी का रास्ता खोल सकता है।

विश्व कप तक 100 शतक पूरा करने के लिए कोहली के पास पर्याप्त मैच नहीं: अभिषेक नायर



नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व सहायक कोच अभिषेक नायर का मानना है कि विराट कोहली के पास 2027 वनडे विश्व कप से पहले 100 अंतरराष्ट्रीय शतक पूरा करने के लिए ज्यादा मैच नहीं बचे। अभिषेक नायर ने जियोस्टार से कहा, 'मुझे नहीं लगता कि वर्ल्ड कप तक उनके पास उस उपलब्धि तक पहुंचने के लिए पर्याप्त मैच है। मैं चाहता हूं कि वह ऐसा करे, लेकिन आपको भी आगे बढ़ने के लिए काफी गेम खेलने होंगे। हो सकता है कि वह वर्ल्ड कप के बाद भी खेलना जारी रखे, लेकिन मैं वर्ल्ड कप तक के समय के बारे में सोच रहा हूं। वर्ल्ड कप के बाद, उनकी प्रेरणा शायद वैसी न रहे।' नायर ने सुझाव दिया कि टीम को हार्दिक पांड्या के साथ एक और विकल्प तैयार करना चाहिए। उन्होंने कहा, 'भारत को भविष्य के बारे में सोचना चाहिए, जहां हार्दिक पांड्या के साथ एक और ऑलराउंडर खेल सकता है। जब आप न्यूजीलैंड जाते हैं, तो हो सकता है कि आपके पास ऐसे दो



ऑलराउंड विकल्प हों क्योंकि गौतम गंभीर को बल्लेबाज पसंद हैं। अगर आप एक और ऑलराउंडर तैयार करते हैं, तो वे एक साथ खेल सकते हैं। और अगर इंडिया दो अच्छे तेज गेंदबाज और दो सीम-बॉलिंग ऑलराउंडर के साथ खेल सकता है, तो टीम का संतुलन बेहतर होता है और इसमें गहराई मिलती है। दूसरी बात यह है कि जब आप साउथ अफ्रीका जाते हैं, तो यह काम आएगा क्योंकि अब आपके पास बैटिंग के ज्यादा विकल्प हैं।' नायर ने कहा, 'यह मजेदार है क्योंकि उन सीरीज को देखना जहां आप ट्रॉफी जीतने के लिए फाइनल खेल रहे होते हैं, एक बहुत ही अलग एहसास होता है। यह आपको तैयार करता है और बड़े टूर्नामेंट के लिए तैयार करता है। जब आप तीन या चार देशों वाली ट्रॉफी के लिए खेलते हैं, तो आप स्टैंडिंग में ऊपर-नीचे हो सकते हैं और हर गेम मायने रखता है। इसलिए, मुझे लगता है कि ट्राई-नेशन या उससे अधिक देशों के टूर्नामेंट जैसा कुछ नहीं है।'

आमिर जंगू का शतक, वेस्टइंडीज की पहली पारी 356 रन पर सिमटी

सिलहट, एजेंसी। सिलहट अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में बांग्लादेश के खिलाफ खेले जा रहे दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन वेस्टइंडीज की पहली पारी 356 रन पर सिमटी। वेस्टइंडीज के लिए विकेटकीपर बल्लेबाज आमिर जंगू ने शतक लगाया। टीम को 356 रन तक पहुंचाने में आमिर जंगू का अहम योगदान रहा। पांचवें नंबर पर आए इस बल्लेबाज ने 212 गेंदों पर 13 चौकों और 2 छक्कों की मदद से 133 रन की पारी खेली। आमिर ने केविन विकम के साथ चौथे विकेट के लिए 131 रन की अहम साझेदारी की। विकम ने 145 गेंदों पर 5 चौकों की मदद से 61 रन बनाए।

इसके अलावा, जस्टिन ग्रिव्स ने 51, जोशुआ बिशप ने 23, और जोमेल वरिकन ने नाबाद 27 रन बनाए। वेस्टइंडीज के आखिरी 2 विकेटों ने 55 रन जोड़े। बांग्लादेश की तरफ से हसन महमूद ने 24 ओवर में 90 रन देकर 6 विकेट लिए। तस्कीन अहमद ने 2 और मेहदी हसन मिराज ने 2 विकेट लिए। रिपोर्ट लिखे जाने तक बांग्लादेश ने 11 ओवर में 22 रन पर अपने 2 विकेट गंवा दिए थे। तंजीद हसन 16 और नईम हसन 5 रन बनाकर आउट हुए। कप्तान शांतो 1 और तोहिद हृदोय शून्य पर नाबाद हैं।

बांग्लादेश को दिन के शुरुआत में एक बड़ा झटका भी लगा है। टीम के सलामी बल्लेबाज शादमान इस्लाम को टखने में चोट के कारण मैदान से बाहर होना पड़ा। उन्हें हॉस्पिटल में भर्ती कराना पड़ा।

शादमान इस्लाम को फील्डिंग करते समय इंजरी हुई। उनका टखना मुड़ा गया। दर्द की वजह से वह तुरंत मैदान पर गिर पड़े और कई मिनट तक तड़पते रहे। इसके बाद उन्हें स्ट्रेचर पर मैदान से बाहर ले जाया गया। शादमान को एमआरआई स्कैन के लिए हॉस्पिटल ले जाया गया। यह घटना वेस्टइंडीज की पारी के 78वें ओवर में हुई जब आमिर जंगू ने मेहदी हसन मिराज की गेंद को फाइन लेग की तरफ धकेला।



शादमान ने स्लिप से गेंद का पीछा किया, लेकिन जब उन्होंने गेंद उठाने की कोशिश की, तो वह फिसल गए और गिरते समय उनका टखना मुड़ गया।

शादमान टेस्ट मैच के बारी हिस्से के लिए उपलब्ध रहेंगे या नहीं, इस पर फिलहाल कोई स्पष्टता नहीं है। अगर शादमान बाहर होते हैं, तो बांग्लादेश को बाकी मैच सिर्फ 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना होगा।

दिल्ली के सभी बड़े बाजारों में सरकार के सहयोग से उत्सव होंगे : कपिल मिश्रा

राजधानी में 6-7 नवंबर को भव्य दीपावली का आयोजन

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली सरकार इस वर्ष दीपावली को राजधानी के सबसे भव्य और यादगार उत्सवों में शामिल करने जा रही है। 'दिल्ली की दिवाली' के अंतर्गत 6 और 7 नवंबर को कनॉट प्लेस स्थित सेंट्रल पार्क में भव्य दीपावली उत्सव का आयोजन किया जाएगा।

दिल्ली सरकार के पर्यटन विभाग द्वारा आयोजित इस उत्सव का उद्घाटन मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता 6 नवंबर को शाम 6 बजे करेंगी। शाम 6 बजे से रात 10 बजे तक आयोजित होने वाला यह उत्सव दिल्लीवासियों के लिए सांस्कृतिक उल्लास, भक्ति और सामुदायिक सहभागिता का विशेष अवसर बनेगा।

दिल्ली के कला, संस्कृति एवं भाषा मंत्री कपिल मिश्रा ने नौ शामनाथ मार्ग पर आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि 'दिल्ली की दिवाली' का उद्देश्य राजधानी में उत्सव की सकारात्मक ऊर्जा, सांस्कृतिक गौरव और सामाजिक एकता को नई ऊंचाइयों तक ले जाना है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ दिनों में कनॉट प्लेस सहित दिल्ली के विभिन्न स्थानों पर धरने-प्रदर्शनों के माध्यम से नकारात्मक माहौल बनाने



की कोशिश की गई। ऐसे माहौल में ऊर्जा और उत्साह का संचार करने तथा बाजारों में सकारात्मकता और रौनक बढ़ाने के उद्देश्य से कनॉट प्लेस के सेंट्रल पार्क को इस आयोजन के केंद्र के रूप में चुना गया है।

कपिल मिश्रा ने कहा कि दिल्ली सरकार सभी मार्केट एसोसिएशनों और आरडब्लूए के साथ मिलकर दीपावली उत्सव आयोजित कर रही है। दिल्ली के सभी बड़े बाजारों में भी सरकार के सहयोग से उत्सव होंगे। उन्होंने बताया कि 'दिल्ली की दिवाली' में ड्रोन शो के माध्यम से प्रभु श्रीराम के जीवन चरित्र का भव्य प्रदर्शन किया जाएगा। इसके साथ ही गणेश-लक्ष्मी जी की महाआरती भी विशेष आकर्षण होगी। सेंट्रल पार्क दीपों की रोशनी, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और उत्सवी माहौल से जगमगाएगा। 7 नवंबर को भजन क्लबिंग का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें भक्ति और आधुनिक संगीत का अनूठा संगम देखने को मिलेगा।

कपिल मिश्रा ने बताया कि दिल्ली की दिवाली को नागरिकों की रचनात्मकता और सहभागिता से जोड़ने के लिए तीन विशेष प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। इनमें आरडब्लूए रंगोली, शूट एन शाइन और रील इट शामिल हैं। इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से दिल्ली की आरडब्लूए, युवाओं, रचनात्मक प्रतिभाओं और नागरिकों को अपनी कला, विचारों एवं उत्सव की झलक साझा करने का अवसर मिलेगा।

विशेष प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी

कपिल मिश्रा ने बताया कि दिल्ली की दिवाली को नागरिकों की रचनात्मकता और सहभागिता से जोड़ने के लिए तीन विशेष प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से दिल्ली की आरडब्लूए, युवाओं, नागरिकों को अपनी कला, विचारों एवं उत्सव की झलक साझा करने का अवसर मिलेगा। आरडब्लूए रंगोली प्रतियोगिता के अंतर्गत आरडब्लूए अपनी रंगोली कला और रचनात्मक सजावट के माध्यम से दिवाली की खुशियां, सामुदायिक एकता प्रदर्शित कर सकेंगी। प्रतियोगिता में गोल्डन दीया पुरस्कार के तहत 71,000 रुपये दो सिल्वर दीया पुरस्कार के तहत प्रत्येक को 41,000 रुपये तीन ब्रॉन्ज दीया पुरस्कार के तहत प्रत्येक को 21,000 रुपये तथा 25 विशेष पुरस्कार दिया जाएगा। के तहत प्रत्येक को 11,000 प्रदान किए जाएंगे। इस प्रतियोगिता के अंतर्गत प्रतिभागी 45 सेकंड तक की वीडियो बनाकर अपलोड कर सकते हैं।

गोल्डन लेंस पुरस्कार के विजेता को 1,51,000 रुपयए दो सिल्वर लेंस पुरस्कार के तहत प्रत्येक को 1,01,000 रुपये तथा तीन ब्रॉन्ज लेंस पुरस्कार के तहत प्रत्येक को 51,000 रुपये प्रदान किए जाएंगे। रील इट प्रतियोगिता के माध्यम से प्रतिभागियों को अपनी मौलिक फोटो के जरिए दिल्ली की दिवाली, उत्सव की खूबसूरती और सांस्कृतिक पहचान प्रस्तुत करने का अवसर मिलेगा।

ट्रांस-यमुना बोर्ड की बैठक में 1090 नए विकास प्रस्तावों पर विचार, 110 करोड़ रुपए जारी

नई दिल्ली, एजेंसी

ट्रांस-यमुना एरिया डेवलपमेंट बोर्ड (टीवाईएडीबी) की 62वीं बैठक दिल्ली सचिवालय में आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता बोर्ड के अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली ने की। बैठक में विभिन्न ट्रांस यमुना निर्वाचन क्षेत्रों से 1090 नए विकास कार्यों के प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं।

इस बैठक में अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों के विधायक, दिल्ली सरकार के वरिष्ठ अधिकारी और दिल्ली नगर निगम (एमसीडी), दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) और सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग समेत विभिन्न कार्यकारी एजेंसियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में क्षेत्र में चल



रहे बुनियादी ढांचे से जुड़े विकास कार्यों की प्रगति, लंबित बजट संबंधी जरूरतों और विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों से प्राप्त नए प्रस्तावों की बारीकी से समीक्षा की गई। बोर्ड को विचार और मंजूरी के लिए कुल 1090 नए विकास प्रस्ताव प्राप्त हुए। बैठक में पहले से स्वीकृत कार्यों को तेजी से पूरा करने के साथ समयबद्ध तरीके से विकास कार्यों को लागू करने के लिए संबंधित विभागों और कार्यान्वयन एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय को और अधिक मजबूत बनाने पर जोर दिया गया। बैठक में यह भी बताया गया कि स्वीकृत विकास कार्यों के लिए पहली और दूसरी किस्त के रूप में कुल 110.10 करोड़ रुपए जारी किए जा चुके हैं। इसके साथ ही पहले से स्वीकृत कार्यों से जुड़ी बकाया वित्तीय देनदारियों की समीक्षा की गई और लंबित किस्तों को जारी करने से संबंधित प्रस्तावों पर भी विचार किया गया।

लवली ने कहा कि हमारी प्राथमिकता ट्रांस-यमुना क्षेत्र का योजनाबद्ध, संतुलित और निरंतर विकास सुनिश्चित करना है। हम अलग-अलग विधायकों के साथ चर्चा करके उनके संबंधित विधानसभा क्षेत्रों की विशेष जरूरतों को समझने और उनके द्वारा दिए गए प्रस्तावों की समीक्षा करने का प्रयास किया है। हमारा प्रयास यह सुनिश्चित करना है कि विकास कार्य लोगों की वास्तविक जरूरतों को पूरा करने के साथ उन्हें व्यवस्थित और समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए। लवली ने कहा कि विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में चल रहे विकास कार्यों की लगातार जानकारी रखने के लिए विभागीय पोर्टल का उपयोग किया जाएगा।

घटिया दवाओं पर सरकार का सख्त रुख, तुरंत निलंबित होगा निर्माण लाइसेंस

नई दिल्ली, एजेंसी



देश में दवाओं की गुणवत्ता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए केंद्र सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने ड्रग्स रूल्स, 1945 में संशोधन का प्रस्ताव रखा है। इसके तहत अगर कोई दवा तय किए गए महत्वपूर्ण गुणवत्ता मानकों पर मानक गुणवत्ता वाली नहीं यानी एनएसक्यू पाई जाती है, तो उसके निर्माण लाइसेंस को तुरंत निलंबित किया जा सकेगा।

इन प्रस्तावित संशोधनों का मकसद घटिया दवाओं का पता चलते ही नियामक अधिकारियों को तुरंत हस्तक्षेप करने, उनके निर्माण और वितरण को रोकने और मरीजों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का है। मंत्रालय ने संशोधनों के मसौदे को सार्वजनिक परामर्श के लिए अधिसूचित कर दिया है। हितधारक और आम जनता भारत के राजपत्र में मसौदा नियमों के उपलब्ध होने की तारीख से 30 दिनों के भीतर आपत्तियां और सुझाव भेज सकते हैं।

मौजूदा नियमों के तहत किसी निर्माण लाइसेंस को निलंबित या रद्द करने से पहले एक तय नियामक प्रक्रिया अपनानी पड़ती है, जिसमें कारण बताओ नोटिस जारी करना भी शामिल है।

इस प्रक्रिया में समय लग सकता है, जिससे दवा को एनएसक्यू घोषित करने और उसके खिलाफ कार्रवाई शुरू करने के बीच अंतराल आ जाता है।

कोच्चि में SIR के खिलाफ मोर्चा आज 7 नवंबर को बड़ा आंदोलन

कॉकरोच जनता पार्टी (CJP) ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी SIR के खिलाफ अब कोच्चि में बड़ा आंदोलन करने का ऐलान किया है।

पार्टी के मुताबिक 7 नवंबर को कोच्चि में प्रदर्शन किया जाएगा, जिसमें पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ अभिजीत दीपके भी शामिल होंगे। दिल्ली में पार्टी नेताओं की गिरफ्तारी के बाद कोच्चि का यह आंदोलन CJP का पहला



बड़ा राजनीतिक कदम माना जा रहा है। पार्टी SIR की प्रक्रिया को लेकर लगातार सवाल उठा रही है और इसे लेकर सरकार पर दबाव बनाने की कोशिश कर रही है। अब सवाल यह है कि 7 नवंबर का आंदोलन कितना बड़ा रूप लेता है और क्या इसके बाद SIR के मुद्दे पर राजनीतिक टकराव और तेज होगा? कोच्चि में होने वाले प्रदर्शन पर राजनीतिक दलों के साथ प्रशासन की भी नजर रहेगी।